प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है। बजट उपरांत आयोजित वेबिनार ''आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ़ बनाना'' को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार का इरादा और संकल्प स्पष्ट है – अधिक निर्माण करना, अधिक उत्पादन करना, अधिक संपर्क स्थापित करना और अधिक निर्यात करना।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने युद्ध की वजह से खाड़ी देशों से भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने वहां रह रहे झारखंड के लोगों को सर्तक रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह आपात स्थिति में झारखंड राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष द्वारा जारी टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच छह पांच दो छह के अलावा लैंडलाइन और व्हाट्सएप्प नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

****

राज्य सरकार ने गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी है। इस सिलसिले में राज्यभर में सात हजार नौ सौ उनतीस नए चापाकल लगाए जाएंगे, वहीं चौदह हजार दो सौ छियालीस हैंडपंप की मरम्मत की जाएगी। इसके लिए पेयजल और स्वच्छता विभाग ने दो सौ दस करोड़ रुपए का आवंटन किया है। वहीं, स्वच्छ भारत अभियान के लिए छह सौ करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस राशि का इस्तेमाल साढ़े पांच लाख व्यक्तिगत शौचालय बनाने के साथ ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर किया जाएगा।

****

आज दुनिया में कई जगहों पर पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। इस खगोलीय घटना के दौरान चंद्रमा पृथ्वी की छाया से गुजरेगा। भारत में यह दुर्लभ खगोलीय घटना दोपहर तीन बजकर 20 मिनट पर शुरू होगी और शाम छह बजकर 47 मिनट पर समाप्त होगी।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में होली और रमजान को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। इधर हजारीबाग में पुलिस अलर्ट मोड में है। एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। एसडीपीओ अमित आनंद ने लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की अपील की है।

****

राज्य सरकार ने जेपीएससी की ड्रग इंस्पेक्टर नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा में सरकारी कर्मियों को अधिकतम उम्र सीमा में पांच वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया है। इसका लाभ उन सरकारी कर्मियों को मिलेगा, जिन्होंने लगातार तीन वर्ष की सेवा पूरी की हो। आयोग ने आवेदन की अंतिम तारीख भी बढ़ाकर बारह मार्च कर दी है।

****

टाटा समूह के संस्थापक जेएन टाटा की जयंती पर आज जमशेदपुर में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा अपने परिवार के सदस्यों के साथ कार्यक्रम में मौजूद रहे। वहीं, टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरण समेत टाटा समूह के कई वरिष्ठ अधिकारी भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि नई नीतियों के साथ कई नए प्रोजेक्ट और प्लांट लाए जा रहे हैं, जिससे कंपनी की ग्रोथ को और रफ्तार मिलेगी।

****

झारखंड समेत पूरे देश में आज विश्व वन्य जीव दिवस मनाया जा रहा है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वन्यजीवों का संरक्षण न केवल पारिस्थितिक संतुलन के लिए जरूरी है, बल्कि यह एक साझा जिम्मेदारी भी है।

*********समाप्त*********